# विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश यूपी अब वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों का विकल्प बनने की क्षमता दिखा रहा है। यूपी ने अमेरिका, यूरोप और यूके में हाई-प्रोफाइल रोड शो और राउंडटेबल मीटिंग्स आयोजित करने की घोषणा की है। इस अंतरराष्ट्रीय आउटरीच का उद्देश्य चीन पर निर्भरता कम करने की चाह रखने वाली वैश्विक कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना है। राज्य सरकार का यह प्रयास प्रदेश को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है।

- **अमेरिका, यूरोप और यूके में हाई-प्रोफाइल रोड शो और राउंडटेबल मीटिंग्स आयोजित करने की घोषणा**

दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार अब वैश्विक निवेशकों के लिए एक बड़े और भरोसेमंद विकल्प के रूप में खुद को स्थापित करने के लिए आक्रामक रणनीति अपना रही है। इस क्रम में न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, लॉस एंजेल्स, लंदन, पेरिस, फ्रैंकफर्ट, मिलान, एम्स्टर्डम और बर्मिंघम जैसे शहरों में बी2जी मीटिंग्स और बिजनेस राउंडटेबल आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों का आयोजन भारतीय दूतावासों, यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल, सीआईआई और फिक्की जैसे प्रमुख उद्योग संगठनों के साथ मिलकर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत अमेरिका में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट अज्योर, अमेजन वेब सर्विसेज, ओरेकल, इक्विनिक्स, स्केचर्स, मैटल, राल्फ लॉरेन और कोच जैसी कंपनियों से संवाद किया जाएगा तो वहीं, यूरोप और यूके में बीएमडब्ल्यू, बॉश, बीएएसएफ, प्राडा, वर्साचे, लेगो, यूनिलीवर, ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन (जीएसके) जैसी कंपनियों को आकर्षित किया जाएगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के अनुसार, हम सिर्फ निवेश आमंत्रित नहीं कर रहे हैं, बल्कि यूपी में दीर्घकालिक मूल्य श्रृंखलाएं और रोजगार-संचालित सतत विकास का आधार बना रहे हैं।

## रोड शो में रखी यूपी के विकास मॉडल की तस्वीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में एक वृहद और प्रभावशाली रोड शो का आयोजन कर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 की तैयारियों को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। अगली कड़ी में हैदराबाद, मुंबई, बेंगलुरू और अहमदाबाद में भी रोड शो होंगे। इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इस रोड शो ने यूपी के उद्योगों, निर्यात क्षेत्रों और स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक प्रतिनिधियों के समक्ष आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के हर जिले की शक्ति, परंपरा और नवाचार का वैश्विक प्रदर्शन है।